कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

::कार्यालय आदेश::

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/माध्य/संस्था/बी–2/45002/प्रधानाचार्य/स्थानान्तरण/2021 दिनांक 04.01.2021 द्वारा श्रीमती इन्दु पूनिया, प्रधानाचार्य, राउमावि घरड़ाना रायपुर जिला झुन्झुनूं का स्थानान्तरण राउमावि धुंधाला, मारवाड़ जंक्शन जिला पाली किया गया था जिसके विरूद्ध माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में **अपील संख्या 939/2021 इन्दु पूनिया बनाम राजस्थान राज्य** व अन्य दायर की गई जिसमें माननीय अधिकरण के आदेशानुसार अपीलार्थिया से प्राप्त अभ्यावेदन में स्वयं के विधवा होने एवं अपनी माताजी के लकवा रोग से ग्रस्त होने को मद्देनजर रखते हुए अपना पदस्थापन राउमावि उतरादा बास, भादरा जिला हनुमानगढ किये जाने की मांग की गई जिस पर विभाग द्वारा सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए निस्तारित किया गया था।

अपीलार्थिया द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर में याचिका संख्या 5361/2021 दायर की गई जिसमें माननीय न्यायालय के आदेशानुसार श्रीमती इन्दु पूनिया का पुनः अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है जिसमें स्वयं के विधवा होने एवं अपनी माताजी के लकवा रोग से ग्रस्त होने को मद्देनजर रखते हुए अपना पदस्थापन राउमावि नीमा, राजगढ जिला चुरू में प्रधानाचार्य के पद पर किये जाने की मांग की गई है।

चूंकि श्रीमती इन्दु पूनिया के अभ्यावेदन पर पूर्व में ही सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए समसंख्यक आदेश दिनांक 18.02.21 द्वारा अपीलार्थिया का पदस्थापन स्वयं की प्रार्थना पर निकटवर्ती जिले के राउमावि उतरादा बास, भादरा जिला हनुमानगढ में किया जा चुका है अतः श्रीमती पूनिया द्वारा याचिका संख्या 5361/2021 के क्रम में प्रस्तुत अभ्यावेदन खारिज करते हुए निस्तारित किया जाता है।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–मा./संस्था/बी–2/अपील/इन्दु पूनिया/939/2021/194 दिनांकः 01.04.21

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, बीकानेर संभाग, बीकानेर।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, हनुमानगढ।
5. जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक हनुमानगढ।
6. सम्बन्धित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
7. जिला शिक्षा अधिकारी (विधि) माध्यमिक, जयपुर।
8. सहायक निदेशक, विधि अनुभाग कार्यालय हाजा।
9. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
10. सम्बन्धित प्रधानाचार्या श्रीमती इन्दु पूनिया।
11. निजी/रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)